**B25–HIN (E)**

**Subject Code : 24**

**2 0 2 5**

# HINDI (E)

## GROUP—A + B

*Full Marks* : 100
*Pass Marks* : 30

*Time* : 3 hours

*[ For Candidates offering as an Elective Subject ]*

## GROUP—A

*Full Marks* : 50
*Pass Marks* : 15

*Time* : 2 hours

*[ For Candidates offering in lieu of MIL ]*

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*



https://www.assamboard.com

## GROUP—A (खण्ड—क)

*( पूर्णांक : 50 )*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1×4=4

(क) ठोस सत्य सदा क्या होता है?

(ख) ईसाई धर्म को किसने अमर बनाया था?

(ग) छोटे जादूगर के बापू जी कहाँ हैं?

(घ) 'भोलाराम का जीव' शीर्षक कहानी का कहानीकार कौन है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 2×9=18

(क) "मुझ पर कोई खड़ा रहना पसंद नहीं करता है।" यह वाक्य कौन कहता है? खड़े रहना पसंद न करने का एक कारण लिखो।

(ख) "जरूरत है ऐसे नौजवानों की जो इस कार्य में अपने को चुपचाप खपा सकते हैं।" इसका आशय स्पष्ट करो।

(ग) 'भोलाराम का जीव' शीर्षक कहानी का उद्देश्य क्या है?

(घ) छोटे जादूगर के किन चारित्रिक गुणों ने लेखक को प्रभावित किया है?

(ङ) कबीर साखी में 'कस्तूरी का मृग' (मिरग) के जरिए क्या कहना चाहते हैं?

(च) सुंदर श्याम की आराधना करने वाली मीराँ मनुष्य को राम-नाम-रस पीने की मंत्रणा क्यों देती हैं?

(छ) कलम की ताकत क्या है?

(ज) मृत्तिका कैसे चिन्मयी शक्ति के रूप में उभरती है?

(झ) गरीबी की बीमारी के संबंध में भोलाराम की पत्नी ने नारद के सामने क्या कहा है?



https://www.assamboard.com

**3.** "शहादत और मौन-मूक! समाज की आधारशिला यही होती है।" लेखक ने यहाँ किस समाज की आधारशिला की बात कही है, स्पष्ट करो। 4

*अथवा*

सड़क ने क्यों कहा है कि वह किसी का लक्ष्य नहीं है, वह उपाय मात्र है?

**4.** निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करो : 4×2=8

(क) जिन ढूँढ़ा तिन पाइयाँ, गहरे पानी में पैठ।
जो बौरा डूबन डरा, रहा किनारे बैठ।

*अथवा*

माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर।
कर का मनका डारि दे, मन का मनका फेर।

(ख) जब लागी तब कोऊँ न जाने, अब जानी संसार।
किरपा कीजै, दरसन दीजै, सुध लीजै तत्काल।
मीराँ कहै प्रभु गिरधर नागर चरण-कमल बलिहार।

*अथवा*

तुम आया बिन सुध नहीं मेरो, पीरी परी जैसे पाण।
म्हाँरै आसा और ण स्वामी, एक तिहारो ध्याण।
मीराँ के प्रभु वेग मिलो अब, राषो जी मेरो माण।

**5.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो : 1×2=2

घड़ी समीप होना ; दंग रह जाना ; श्रीगणेश होना ; नौ-दो ग्यारह होना

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के लिंग-परिवर्तन करो : ½×4=2

रस्सी ; श्रीमान् ; जादूगर ; वर ; स्त्री ; बालक ; मालिन ; कवि

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की संधि करो : 1×2=2

अन्न+अभाव ; मनः+हर ; अनु+अय ; उत्+भव



https://www.assamboard.com

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के बहुवचन रूप बनाओ : ½×4=2

आँख ; छाया ; बिल्ली ; कहानी ; दुकान ; औरत ; बहू ; कविता

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखो : ½×4=2

जंगल ; आनंद ; आँख ; पुष्प ; हाथी ; मछली

(च) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखो (किन्हीं **चार** के) : ½×4=2

विष्णु का उपासक ; जिसके हृदय में दया नहीं है ; जो विधि के विरुद्ध है ; जो लोक में संभव न हो ; जिसके पार देखा जा सके ; जिसे ईश्वर अथवा वेद पर विश्वास है

(छ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के विलोमार्थक शब्द दो : ½×4=2

आशा ; आरंभ ; निर्मल ; सूक्ष्म ; धनी ; शाप ; नीरस

(ज) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** को शुद्ध करो : 1×2=2

*(i)* मैंने नदी देखा है।

*(ii)* मैं आपका दर्शन चाहता हूँ।

*(iii)* यह मात्र आप पर निर्भर करता है।

## GROUP—B (खण्ड—ख)

*( पूर्णांक : 50 )*

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1×5=5

(क) हरिवंश राय 'बच्चन' की पठित कविता का नाम क्या है?

(ख) "दे न दुहाई पीठ फेर कर!" यहाँ 'पीठ फेर कर' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(ग) महादेवी वर्मा की अपनी बिल्ली का नाम क्या था?

(घ) लक्का कबूतर चारों ओर घूम-घूम कर कौन-सी रागिनी अलापने लगे थे?

(ङ) 'चिट्ठियों की अनूठी दुनिया' शीर्षक लेख के रचयिता का नाम क्या है?



https://www.assamboard.com

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 2×8=16

(क) हमें मधुबन तथा मदिरालय से क्या-क्या शिक्षा मिलती हैं?

(ख) 'जो बीत गयी' कविता में सितारे को प्रतीक बनाया गया है। वह किसका प्रतीक हो सकता है, स्पष्ट करो।

(ग) 'कायर मत बन' शीर्षक कविता में कवि ने कैसे जीवन को जीवन नहीं माना है?

(घ) "मानवता ने सींचा तुझको
बहा युगों तक खून-पसीना!"
इसमें कवि ने मनुष्य को कौन-सा संदेश दिया है?

(ङ) "इन तीन पक्षियों ने मुझे पक्षी-प्रकृति की विभिन्नता का जो परिचय दिया है, वह मेरे लिए विशेष महत्व रखता है।" यहाँ लेखिका ने कौन-सी विभिन्नता की बात उठाई है, स्पष्ट करो।

(च) 'नीलकंठ' शीर्षक लेख के आधार पर 'बड़े मियाँ' के चरित्र की किन्हीं दो विशेषताओं को रेखांकित करो।

https://www.assamboard.com

(छ) नीलकंठ और राधा की सबसे प्रिय ऋतु क्यों वर्षा ही थी?

(ज) महादेवी वर्मा ने मोर और मोरनी के क्या-क्या नाम रखे और वे नाम क्यों रखे थे?

**8.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दो : 5

'नीलकंठ' पाठ के आधार पर महादेवी के प्रकृति-प्रेम का परिचय दो।

*अथवा*

भारतीय डाकघरों की बहुआयामी भूमिकाएँ क्या-क्या हैं? पठित पाठ के आधार पर स्पष्ट करो।

**9.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखो : 8

(क) खेल-कूद की आवश्यकता

(ख) पर्यटन से होने वाले लाभ

(ग) सोशल मीडिया का सदुपयोग

(घ) समाज के प्रति विद्यार्थी के दायित्व और कर्तव्य



https://www.assamboard.com

**10.** बाढ़ के कारण अपने विद्यालय में होने वाली पढ़ाई के नुकसान की भरपाई हेतु अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था करने के लिए प्रार्थना करते हुए प्रधान शिक्षक/प्रधान शिक्षिका को एक पत्र लिखो। 5

*अथवा*

अपने पिता जी की चिकित्सा हेतु तुम्हें अपनी माता जी के साथ कोलकाता जाना है। अतः अपने विद्यालय से दस दिन की छुट्टी की प्रार्थना करते हुए प्रधान शिक्षक/प्रधान शिक्षिका को एक आवेदन-पत्र लिखो।

**11.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो :

"विदेशी भाषा सीखी जा सकती है; पर वह अपनी नहीं हो सकती। वह मस्तिष्क की वस्तु हो सकती है; पर वह हृदय की वाणी नहीं हो सकती। उसमें माँ की ममता, पिता का प्यार, पड़ोसियों का स्नेह तथा हमारा मन अथवा देश का दर्द नहीं हो सकता। आज अंग्रेजी हम पर जबरदस्ती लदी है। इसका फल यह हुआ है कि लाखों विद्यार्थी अंग्रेजी की परीक्षा में फेल हो रहे हैं। लादी गई कोई भी विदेशी भाषा समाज व देश के स्वाभाविक विकास में बाधक होती है। फिर, भाषा तो अन्य विद्याओं को जानने का एक माध्यम है, अपने भाव को प्रकट करने का एक जरिया है। बचपन की जानी-समझी मातृभाषा को अपनी पढ़ाई-लिखाई अथवा काम-कारोबार का माध्यम न बनाकर अंग्रेजी को बनाने से, अंग्रेजी सीखने में ही हमारे दस-बारह वर्ष व्यर्थ बरबाद होते हैं। आज अंग्रेजी को माध्यम बनाकर रखने के क़ारण देश के हर विद्यार्थी के यानी इस देश के दस-बारह वर्ष बरबाद हो रहे हैं।"

*प्रश्नावली :*

(क) हृदय की वाणी कौन-सी भाषा बनती है? 1

(ख) अपनी भाषा की क्या-क्या विशेषताएँ होती हैं? 2

(ग) भाषा का क्या काम है? 1

(घ) विदेशी भाषा सीखने में व्यावहारिक दृष्टि से क्या नुकसान होता है? 1

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का एक सार्थक शीर्षक दो। 1



https://www.assamboard.com

12. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद करो : $1 \times 5 = 5$

(क) What class do you read in?

(ख) Hindi is the Official Language of India.

(ग) May I help you?

(घ) The State of Assam is full of natural resources.

(ङ) The Sun sets in the west.

***



https://www.assamboard.com